# उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण)

**कार्यालय : अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ०प्र० जल निगम(ग्रामीण),**

**निकट टोल प्लाजा, मड़वानगर, बस्ती-272002**

ई-मेल: eeupjnruralbasti@gmail.com


**पत्रांक** 3261 m-3 141 **दिनांक** 11 / 05 / **2026**

**सेवा में,**

जिलाधिकारी,
बस्ती ।

**विषय:-** **दैनिक समाचार पत्र दैनिक भास्कर में दिनांक 11.05.2026 को प्रकाशित "शंकरपुर में जल जीवन मिशन कार्य में घटिया सामग्री: ग्रामीण ने ठेकेदार पर गाली- गलौज और धमकी का आरोप लगाया" के नकारात्मक क्लीपिंग/निस्तारण के सम्बन्ध में ।**

**महोदया,**

उपरोक्त विषयक दिनांक 11.05.2026 को दैनिक समाचार पत्र दैनिक भास्कर में प्रकाशित "शंकरपुर में जल जीवन मिशन कार्य में घटिया सामग्री : ग्रामीण ने ठेकेदार पर गाली- गलौज और धमकी का आरोप लगाया" शीर्षक के अन्तर्गत नकारात्मक क्लीपिंग के सम्बन्ध में सादर अवगत कराना है कि जनपद बस्ती के विकास खण्ड-विक्रमजोत मिं जल जीवन मिशन के अन्तर्गत मेसर्स मेसर्स VSA Infra Project- SCL (JV) द्वारा शंकरपुर ग्राम पंचायत पेयजल योजना में बाऊन्ड्रीवाल निर्माण कार्य बिना किसी पूर्व सूचना के कराया जा रहा है उपरोक्त शिकायत के अनुसार आज दिनांक 11.05.2026 को जू०इंजी० श्री सूरज गुप्ता द्वारा स्थलीय निरीक्षण में बाऊन्ड्रीवाल निर्माण में गंगा बालू का प्रयोग करते हुए पाया गया । तत्काल कार्यवाही करते हुए प्रयोग में लाये जा रहे सभी अनुचित सामग्रियों को हटवा कर निर्माणाधीन बाऊन्ड्रीवाल को शिकायतकर्ता श्री हौंसला सिंह की उपस्थिति में गिरा दिया गया तथा सम्बन्धित ठेकेदार के खिलाफ कार्यवाही करते हुए कार्य से हटा दिया गया है । शिकायतकर्ता श्री हौंसला सिंह द्वारा विभाग द्वारा तत्काल की गयी कार्यवाही की सराहना करते हुए स्वयं द्वारा हस्ताक्षर कर संतुष्टी पत्र दिया गया है । शिकायतकर्ता से गली-गलौज और धमकी का आरोप तथ्यहीन एवं निराधार है । शंकरपुर पेयजल योजना की भौतिक प्रगति का विवरण निम्नानुसार है-

**जनपद के विकास खण्ड-विक्रमजोत के अन्तर्गत शंकरपुर ग्राम पंचायत पेयजल योजना की अद्यतन स्थिति-**

- स्वीकृत वर्ष - 2022-23
- स्वीकृत लागत - रु० 592.81 लाख
- कार्यदायी फर्म - मेसर्स VSA Infra Project- SCL (JV), फेज-3
- सम्मिलित राजस्व ग्राम- (4) शंकरपुर, कवलपुर, दुसैनिया,कलन्दरहा

| क्र०सं० | प्रस्तावित कार्य | भौतिक प्रगति |
|---|---|---|
| 1 | 02 नग नलकूप (1000 & 425 LPM) | पूर्ण |
| 2 | 01 नग शिरोपरि जलाशय (क्षमता- 425 KL/18m) | 80% |
| 3 | वितरण प्रणाली (29.969 किमी०) | 23.088 किमी० |
| 4 | 02 नग पम्पहाउस (425LPM) | पूर्ण |
| 5 | 02 नग बाउन्ड्रीवाल | 1 नग पूर्ण एवं 1 नग भूमि विवाद के कारण अपूर्ण |
| 6 | 02 नग सोलर सिस्टम (50 KW) | 01 नग कार्य प्रगति पर है एवं 01 नग भूमि विवाद के कारण अपूर्ण |
| 7 | गृह संयोजन (लक्ष्य-1127 नग) | 460 नग |

जलापूर्ति से सम्बन्धित कोई भी समस्या जल सारथी ऐप एवं टोल फ्री नं 18001212164 पर पंजीकृत की जा सकती है। विभाग समस्याओं के त्वरित निस्तारण हेतु प्रतिबद्ध है।

सादर सूचनार्थ प्रेषित ।

**संलग्नक: उपरोक्तानुसार ।**

**भवदीय**

(योगेन्द्र प्रसाद)
**अधिशासी अभियन्ता**

**पृ०सं० तथा दिनांक तदैव:-**

**प्रतिलिपि:-** मुख्य अभियन्ता(ग्रामीण), उ०प्र० जल निगम(ग्रामीण), लखनऊ ।


**अधिशासी अभियन्ता**

# शंकरपुर पेयजल योजना, विकास खण्ड-विक्रमजोत

## सम्बन्धित फोटोग्राफ







Latitude 26.807521
Longitude 82.303407
Accuracy 757.3 m
Time: 05-11-2026 15:34
Note: Shankar pur 2end gp




Latitude: 26.807688
Longitude: 82.302032
Elevation: 96.52±4.11 m
Accuracy: 9.678 m
Time: 05-11-2026 12:28
Note: Shankar pur 2end gp
Powered by NoteCam


Latitude: 26.80766
Longitude: 82.30197
Elevation: 92.99±6.67 m
Accuracy: 8.479 m
Time: 05-11-2026 12:28
Note: Shankar pur 2end gp
Powered by NoteCam

आज दिनांक 11.05.26 को ग्राम पंचायत शंकरपुर 2 खोर पर बाउण्ड्री का कार्य चल रहा था जो कि बगल में घर के श्री हौसला सिंह द्वारा शिकायत किया गया की यहाँ पर कार्य गुणवत्ता विहीन हो रहा है आज स्थलीय निरीक्षण करके तुरन्त कार्यवाही करते हुए बनी हुई दीवार को तोड़ दिया गया और किये गये इस कार्य से शिकायत कर्ता सन्तुष्ट है।

[signature]
सूरज कुमार गुप्ता
(JE)

शिकायत कर्ता
हौसला सिंह
हौसिला सिंह
नीरज सिंह
9651515198